**रजि. पोस्ट द्वारा**

# चुनाव अधिकारी कार्यालय, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक,
## सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था

सी–4, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058
वेबसाइटः **http://*www.surajmalmemorialeducationsociety.org***

**Ref. No.:SMES/Elec.Off./2024-25/13/31** **दिनांक: 10.01.2025**

## चुनाव हेतु सूचना

मैं, तपस कुमार भट्टाचार्य, चुनाव अधिकारी के रुप में, सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था, सी–4, जनकपुरी, नई दिल्ली की कार्यकारिणी समिति के इक्कीस सदस्यों के चुनाव के लिए **रविवार,** दिनांक **2 मार्च, 2025** को होने वाले चुनाव की सूचना निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार देता हूंः–

| क्र.सं. | चुनाव कार्यक्रम | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | मतदाता सूची (सदस्यता सूची) का प्रकाशन एवं चुनाव सूचना | 10–01–2025 (शुक्रवार) | |
| 2. | उम्मीदवारों द्वारा व्यक्तिगत रूप से नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि | 27–01–2025 (सोमवार) और 29–01–2025 (बुधवार) | प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक |
| 3. | नामांकन पत्रों की जांच एवं नामांकित उम्मीदवारों के नामों का प्रकाशन | 31–01–2025 (शुक्रवार) | प्रातः 11.00 बजे से |
| 4. | नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि | 01–02–2025 (शनिवार) | प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक |
| 5. | प्रतीक चिन्हों का आवंटन तथा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के नामों का प्रकाशन | 01–02–2025 (शनिवार) | सायं 3.00 बजे |
| 6. | मतदान की तिथि | 02–03–2025 (रविवार) | प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक |
| 7. | वोटों की गिनती | 03–03–2025 (सोमवार) | प्रातः 10.00 बजे से |
| 8. | चुनाव परिणाम की घोषणा | मतगणना पूरी होने के बाद | |

**नोटः**

(1) सदस्य जिनके नाम दिनांक 10.01.2025 की मतदाता सूची में हैं, वे चुनाव 2024–25 में मतदान करने एवं चुनाव लड़ने के योग्य हैं तथा चुनाव से संबंधित सभी कार्यक्रम सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था के परिसर में होंगे।

(2) चुनाव सम्बंधी नियम, मतदाता सूची, नामांकन फॉर्म और वापसी फॉर्म की एक प्रति सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था, के महाराजा सूरजमल संस्थान के एड़मिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक में स्थित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से चुनाव कार्यक्रम की अवधि के दौरान, किसी भी कार्य दिवस पर प्रातः 11.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे के बीच प्राप्त की जा सकती है। ये सभी दस्तावेज संस्था की वेबसाइट http://surajmalmemorialeducationsociety.org पर भी अपलोड किए गए हैं, जहां से प्रिंट आउट प्राप्त किया जा सकता है। सदस्यता सूची 2/–रुपये प्रति पेज के भुगतान के आधार पर, मांगने पर, प्रदान की जाएगी।

(3) प्रत्येक सदस्य जो नामांकन–पत्र दाखिल करना चाहता है, उसे 5,000/–रुपये (पांच हजार रुपये मात्र) की सुरक्षा राशि ''सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था'' के पक्ष में चुनाव अधिकारी के कार्यालय में अकाउंट पेयी चेक/बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा कराना सुनिश्चित करना होगा और रसीद की एक प्रति नामांकन फॉर्म के साथ संलग्न कर जमा करनी होगी।

(4) बैंक द्वारा चेक/ड्राफ्ट अनादरित होने पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

(5) विधिवत भरा हुआ नामांकन फॉर्म इच्छुक उम्मीदवारों द्वारा केवल व्यक्तिगत रुप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। अभ्यर्थी के साथ प्रस्तावक एवं अनुमोदक को भी आना होगा।

(6) वे उम्मीदवार जिनके नामांकन पत्र पहले ही वैध पाए जा चुके हैं और दिनांक 01.02.2024 की अधिसूचना के जवाब में उन्होंने अपना नामांकन वापस नहीं लिया है, उन्हें नया नामांकन पत्र दाखिल करने की आवश्यकता नहीं है। हालाँकि, जिन उम्मीदवारों का नामांकन बाद में उनके प्रस्तावक/अनुमोदक के अयोग्य पाए जाने के कारण अमान्य पाया गया है, वे चाहें तो नया नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं।

(7) उम्मीदवार, उनके प्रस्तावक और अनुमोदक को नामांकन पत्र के साथ, स्व–हस्ताक्षरित, सरकार द्वारा जारी किए गए किसी भी फोटो पहचान दस्तावेज, जैसे आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट या ड्राइविंग लाइसेंस की फोटोकॉपी साथ संलग्न करनी होगी और सत्यापन के लिए मूल आईडी कार्ड भी लाना होगा।

(8) नामांकन वापसी फॉर्म इच्छुक उम्मीदवार द्वारा केवल व्यक्तिगत रुप से प्रस्तुत किया जा सकता है।

(9) मतदान के दिन, मतदाताओं को वोटर पर्ची लेते समय एवं वोट डालते समय उपरोक्त बिंदु (7) पर उल्लिखित मूल फोटो पहचान दस्तावेजों में से किसी एक को प्रस्तुत करना होगा।

**दिनांकः 10.01.2025**
**दूरभाषः 011–45656183/45037193**

**(तपस कुमार भट्टाचार्य)**
**पूर्व वरिष्ठ प्रमुख सचिव, भारत निर्वाचन आयोग**
**चुनाव अधिकारी (SMES)**

**By Regd. Post**

**OFFICE OF THE ELECTION OFFICER, ADMINISTRATIVE BLOCK,**
**SURAJMAL MEMORIAL EDUCATION SOCIETY (SMES),**
**C-4, JANAKPURI, NEW DELHI-110058**
**Website :http://*www.surajmalmemorialeducationsociety.org***

**Ref. No.: SMES/Elec.Off./2024-25/13/31** **Dated :10.01.2025**

# NOTICE FOR ELECTION

I, Tapas Kumar Bhattacharya, as Election Officer for election of twenty one members of the ***"Executive Committee"*** of ***Surajmal Memorial Education Society, Delhi,*** do hereby give notice of the above said election to be held on **SUNDAY**, the **2nd March, 2025,** as per the following schedule:-

| Sl. No. | Election schedule | Date(s) | Time |
|---|---|---|---|
| 1. | **Final Publication of Electoral List & Issue of NOTICE (of election)** | **10-01-2025 (Friday)** | -- |
| 2. | **Nomination to be filed, in person** | **27-01-2025 (Monday) and 29-01-2025 (Wednesday)** | **11.00 AM to 3.00 PM** |
| 3. | **Scrutiny of Nomination Papers & Publication of List of Nominated Candidates** | **31-01-2025 (Friday)** | **From 11.00 AM** |
| 4. | **Period for Withdrawal of Nomination** | **01-02-2025 (Saturday)** | **10 A.M. To 3.00 P.M.** |
| 5. | **Allotment of Symbols & Publication of List of Contesting Candidates** | **01-02-2025 (Saturday)** | **3.00 P.M.** |
| 6. | **Date of Poll** | **02-03-2025 (Sunday)** | **10.00 AM to 5.00 PM** |
| 7. | **Counting of Votes** | **03-03-2025 (Monday)** | **From 10.00 AM Onwards** |
| 8. | **Declaration of Result of Election** | **After completion of Counting** | |

**Note :**

(1) Members whose names appear in the Voters List dated 10.01.2025 are eligible to vote/contest Election 2024-25 and all events pertaining to the election shall take place in the premises of Surajmal Memorial Education Society.

(2) A copy each of the Rules for Election, Electoral Roll, Nomination Form and Withdrawal Form can be obtained from the office of Election Office, on any working day between **11.00 AM** and **3.00 PM.** All these documents are also uploaded on the website of the Society *https://surajmalmemorialeducationsociety.org* from where the printouts can be obtained. The membership list will be supplied on demand, on payment basis @ Rs. 2/- per page.

(3) Every member who wishes to file Nomination should ensure the deposit of the security amount of **Rs. 5,000/- (Rupees Five Thousand only)** in favour of **"Surajmal Memorial Education Society"** in the office of Election Officer in the form of Accounts' Payee Cheque / Bank Draft and should ensure attaching a copy of the receipt with the Nomination Form.

(4) In case the cheque / draft is dishonoured by the Bank, the candidature of the contesting candidate shall be cancelled.

(5) Duly filled Nomination Form should be presented only in person by the intending candidates. The Proposer and Seconder should also accompany the candidate.

(6) Candidates whose nomination papers have already been found valid and have not withdrawn their nominations in response to notification dt. 01/02/2024, need not file a fresh nomination. However, candidates whose nominations have subsequently been found invalid due to their Proposer / Seconder found ineligible, may file fresh nominations, if they so desire.

(7) The Candidate, his proposer and seconder should attach with Nomination Paper a self-attested photocopy of any of the photo Identity Documents issued by the Govt. like, Aadhar Card, Electors Photo Identity Card (EPIC) Passport and Driving License and should also carry such original ID card for verification.

(8) Withdrawal Form can be presented only in person by the intending candidate.

(9) On the day of poll, the voters must produce any one of the original photo identity documents, mentioned at point( 7) above, for obtaining Voters Slip and again at the time of casting of votes.

**Date : 10.01.2025**
**Tel : 011-45656183/45037193**

**(Tapas Kumar Bhattacharya)**
**Former Senior Principal Secretary, Election Commission of India**
**Election Officer (SMES)**